# कार्यपत्रक- विशेषण

**बहुविकल्पी प्रश्न**

1. विशेषण कहलाते हैं
(i) पर्यायवाची शब्द
(ii) विशेष्य
(iii) विपरीतार्थक शब्द
(iv) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द

2. जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग-रूप के बारे में बताते हैं, वे कहलाते हैं
(i) परिमाणवाचक
(ii) संख्यावाचक
(iii) गुणवाचक
(iv) सार्वनामिक विशेषण

3. विशेषण शब्द जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं उन्हें कहते हैं
(i) विशेषण
(ii) विशेष्य
(iii) प्रतिविशेषण
(iv) संज्ञा

4. विशेषण के भेद होते हैं
(i) तीन
(ii) चार
(iii) पाँच
(iv) छह

5. इनमें गुणवाचक विशेषण शब्द हैं
(i) गोरा व्यक्ति
(ii) दस रुपये
(iii) दो मन अनाज
(iv) यह कार

6. इस कक्षा में चालीस छात्र हैं। रेखांकित शब्द का भेद है
(i) गुणवाचक
(ii) परिमाणवाचक
(iii) संकेतवाचक
(iv) संख्यावाचक

7. इनमें संकेतवाचक विशेषण है
(i) वह मकान
(ii) दस मन गेहूँ
(iii) बीस लड़के
(iv) पंजाबी

8. इनमें परिमाणवाचक विशेषण शब्द है
(i) दस लीटर दूध
(ii) बीस गाय
(iii) बंगाली
(iv) यह घर

9. सार्वनामिक विशेषण का इनमें दूसरा नाम है
(i) गुणवाचक विशेषण
(ii) संख्यावाचक विशेषण
(iii) परिमाणवाचक विशेषण
(iv) संकेतवाचक विशेषण

10. इस गिलास में थोड़ा दूध है। रेखांकित का विशेषण भेद बताइए।
(i) परिमाणवाचक
(ii) अनिश्चित संख्यावाचक
(iii) निश्चित संख्यावाचक
(iv) गुणवाचक